नाम तेरे की ज्योति जगा के बाबा

नाम तेरे की ज्योति जगा के बाबा,
चरणों मे मन चित ला के बाबा,
सुन्दर तस्वीर तेरी मन मे बसाके,
लगाके सुरती जपूं मै तेरा नाम |
बाबा जी तेरी आरती करूँ मै सुबह श्याम ||

परम्पितामाहा प्रभु विधाता मेरे |
कष्ट हरो हे मुक्ति के दाता मेरे ||
अर्पण करूँ मै तुझे तन मन धन |
करो हाजरी मेरी यह परवान ||

गल मे सिंगी सोने, रंगियां जाटावा बाबा |
पैरों मे पऊए, सर सापों की शाया बाबा ||
सुन्दर से मुख से वारी वारी जाऊं बाबा |
बार बार करूँ परनाम ||

ऊँचे पहाड़ो मे तेरा दरबार बाबा |
करता है पूजा तेरी सारा संसार बाबा ||
बाजू पकड़ कर दिया लाखों को तार बाबा |
करे जो भी तेरा गुणगान ||

श्रद्धा के साथ तेरा रोट मै पकाया बाबा |
बड़ी ख़ुशी से तेरा भोग मै लगाया बाबा ||
सिंगी, चोली, पऊए तेरी भेंट मै चड़ाया बाबा |
मुक्ति का देदो वरदान ||

फूलों का हार सुन्दर तेरे लिए पिरोया बाबा |
तेरे दर्शन के लिए हुआ मै उदास बाबा ||
दोनों कर जोड़ करे अर्जी सरोया(कवि अथवा गायक) बाबा |
मेरा भी करो कल्याण ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/107/title/naam-tere-ki-jyot-jaga-ke-baaba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |